**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपों के उप–राज्यपाल ने आबकारी विभाग की प्रस्तुति की समीक्षा कर पर्यटन जरूरतों के अनुरूप नीति बनाने के निर्देश दिए।
2. सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय कल से हर शुक्रवार और शनिवार को भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के सभागार में "चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करेगा।
3. राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर कल सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
4. प्रशासनिक कारणों के चलते जहाज़ों के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी ने आबकारी विभाग के प्रस्तुति की समीक्षा की। यह प्रस्तुति आबकारी नीति में प्रस्तावित संशोधनों और ANIIDCO द्वारा प्रीमियम शराब की खरीद के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने से संबंधित थी। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि संशोधित नीति पारदर्शी , सभी को समान अवसर प्रदान करने वाली होनी चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित होना चाहिए कि द्वीप समूह में पर्यटन क्षेत्र की आवश्यकताएं पूरी हों। इस अवसर पर मुख्य सचिव और अंडमान और निकोबार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय एवं प्रशासन, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से कल से 13 जून तक हर शुक्रवार और शनिवार को भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के सभागार में "चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक और पर्यटन पहल के रूप में परिकल्पित सिनेमा का उत्सव मनाना साथ ही द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करना है। फेस्टिवल के पहले सप्ताह में प्रशंसित और पुरस्कार–विजेता फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिसमें फिल्म निर्माता कुंदन शाह द्वारा निर्देशित,"जाने भी दो यारों" कल शाम छह बजे और तेईस मई को दिन में ग्यारह बजे "सलाम बॉम्बे!" फिल्म शामिल हैं। इसी दिन दूसरे शो में ब्लॉकबस्टर फिल्म "RRR की स्क्रीनिंग शाम पांच बजे की जाएगी। फिल्म महोत्सव के दौरान, विभाग द्वारा फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक विशेष लघु फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला निःशुल्क होगी। कार्यशालाओं और शेष फिल्म स्क्रीनिंग का कार्यक्रम की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी फिल्म स्क्रीनिंग और कार्यशालाओं के लिए पंजीकरण Google फॉर्म और QR कोड के माध्यम से कर सकते हैं। इसे निदेशालय के आधिकारिक प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया हैंडल के जरिए प्रसारित किया जाएगा। निदेशालय ने छात्रों, स्थानीय फिल्म निर्माताओं, फोटोग्राफरों, ड्रोन ऑपरेटरों, ट्रैवल व्लॉगर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, थिएटर समूहों, फिल्म क्लबों, पर्यटकों और आम जनता को फिल्म महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि वे महोत्सव और इससे जुड़े कार्यशाला सत्रों के दौरान भारतीय सिनेमा की समृद्धि और विविधता का अनुभव कर सकें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अट्ठाईस मई को ईद–उल–अदा का त्योहार मनाया जाएगा। आसमान में चांद दिखाई देने के कारण हिलाल समिति ने यह जानकारी दी है।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग द्वारा कोस्ट गार्ड, मत्स्य विभाग, वन विभाग और सागर मित्रों के समन्वय से फिशरमैन वॉच ग्रुप की बैठक आयोजित की गईं। बैठक का उद्देश्य तटीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मछुआरा समुदाय के साथ समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना था। इस दौरान, मछुआरों को मछली पकड़ने वाली छोटी नावों के उचित पंजीकरण और दस्तावेजीकरण के महत्व के बारे में जागरूक, समुद्र में जाने से पहले अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा उपकरण रखने, साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तटीय सुरक्षा की टोल–फ्री नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी गई। पुलिस विभाग ने मछुआरा समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सहयोग के माध्यम से तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><>

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर कल सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव राजभाषा ऋचा ने की। बैठक के दौरान सचिवालय और प्रशासन के विभिन्न विभागों में राजभाषा हिंदी के उपयोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। सचिव ने विभिन्न विभागों और सचिवालय के सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राजभाषा नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कर सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग के संबंध में उपराज्यपाल द्वारा जारी निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करें। सचिव ने सभी नोडल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे अपने–अपने कार्यालयों के कंप्यूटरों में 'यूनिकोड' प्रणाली को सक्षम करें, ताकि 'ई–ऑफिस' में हिंदी में कार्य आसानी से किया जा सके। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट सावधानीपूर्वक और समय पर तैयार करके प्रस्तुत करें, नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन करें, और विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करें। उप सचिव राजभाषा राजेंद्र इंदवार, ने सचिवालय और विभिन्न विभागों में हिंदी में किए गए सरकारी कामकाज पर एक 'पावरपॉइंट प्रस्तुति' के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस बैठक में सचिवालय के सभी उप–सचिव और सहायक सचिव, और विभागों के सहायक निदेशक उपस्थित थे।

<><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते जहाज़ों के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। एम.वी कालीघाट लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार की यात्रा पर इक्कीस मई को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से प्रस्थान करेगा और बाईस मई को शाम छह बजे कार निकोबार से चलकर लिटिल अंडमान होते हुए वापसी करेगा।

उधर, एम.वी सेंन्टिनल लिटिल अंडमान के लिए बाईस मई को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से रवाना होगा और तेईस मई को रात आठ बजे लिटिल अंडमान से रवाना होगा।

<><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशासन के सहयोग और भारतीय रोइंग महासंघ तथा अंडमान और निकोबार रोइंग संघ के समन्वय से कल कोस्टल रोइंग राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्बाइन्स कोव तट पर आयोजित इस कार्यक्रम में खेल और शिक्षा निदेशक आदित्य सांगोत्रा मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता विकसित करने के महत्व पर जोर दिया और एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्पण और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर साई के केंद्र प्रभारी, मोहम्मद सादिक ने कोस्टल रोइंग राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के महत्व के बारे मे जानकारी देते हु कहा यह द्वीप समूह में आयोजित होने वाला अब तक का पहला कोस्टल रोइंग राष्ट्रीय कोचिंग शिविर है। इस पहल का उद्देश्य कोस्टल रोइंग में भारत के प्रदर्शन को मजबूत करना और एथलीटों को एक अद्वितीय समुद्री वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाला अनुभव और प्रशिक्षण प्रदान करना है।

<><><><><>

द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर छब्बीस मई तक तेज़ हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी, जो बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे बाईस मई तक समुद्र में न जाए।

<><><><><>

विशेष दिव्यांगजनों के लिए कल आयुष अस्पताल में UDID योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र के दौरान, आयुष अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथी ने आयुष अस्पताल में हर बुधवार को आयोजित होने वाले विशेष 'ऑटिज्म क्लिनिक' के बारे में बताया। उन्होंने समग्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के लिए समय–समय पर आयोजित होने वाले शिविरों के महत्व पर जानकारी दी, साथ ही एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांगता प्रमाणन, पंजीकरण और सरकारी कल्याण योजनाओं से संबंधित उनके प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया गया।

<><><><><>